विधान परिषद् के प्रथम सत्र, 2025 के प्रथम शुक्रवार हेतु निर्धारित श्री पवन कुमार सिंह, <u>मा0 सदस्य, विधान परिषद् द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न सं0-13 का उत्तर।</u>

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 13(क) क्या उप मुख्यमंत्री (ग्राम्य विकास) बतायेंगे कि जनपद सीतापुर के विकास खण्ड सिधौली के अंतर्गत उमरा संपर्क मार्ग से रामलखन बौनाभारी के घर तक का 200 मी0 का रास्ता अत्यन्त खराब है मार्ग खराब होने के कारण लोगों को आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है? | ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार की पीएमजीएसवाई-III के गाईडलाइन्स के अनुसार 05 किमी0 या उससे अधिक लम्बाई के मार्गो का अपग्रेडेशन ही किया जाना अपेक्षित था।<br>ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वर्तमान में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-IV लॉन्च की गयी है, जिसकी गाईडलाइन के अनुसार प्रदेश के आकांक्षात्मक विकास खण्डों एवं आकांक्षात्मक जनपदों के वर्ष 2011 की जनगणना पर आधारित 250 तक आबादी एवं उससे अधिक जनसंख्या तथा प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में 500 एवं उससे अधिक जनसंख्या वाले पीएमजीएसवाई की गाईडलाइन्स के अनुसार अर्ह अनजुड़े बसावटों को पक्के मार्गों से जोड़ने हेतु योजना प्रारम्भ की गई है। इस योजना में 500 मीटर या उससे अधिक लम्बाई के कच्चे मार्गो को ही पक्के मार्गो से जोड़ा जाना है।<br>प्रश्नगत मार्ग की लम्बाई 500 मीटर से कम होने के कारण इस मार्ग को पीएमजीएसवाई-IV में प्रस्तावित किया जाना सम्भव नहीं है। |
| (ख) यदि हाँ, तो उक्त समस्या के निदान हेतु सड़क का डामरीकरण करायेंगे? | प्रश्न नहीं उठता। |
| (ग) यदि हाँ, तो कब तक? | प्रश्न नहीं उठता। |
| (घ) यदि नहीं, तो क्यों? | उपरोक्तानुसार। |

Signed by
Keshav Prasad Maurya
(केशव प्रसाद मौर्य)
Date: 18-02-2025 19:35:45
उप मुख्यमंत्री